चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

संदर्भ : सीक्रेसी / 2224
दिनांक : 20.04.2019

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष / नोडल अधिकारी,
व्यक्तिगत / संस्थागत मुख्य वार्षिक परीक्षा–2019 से
सम्बद्ध समस्त परीक्षा / नोडल केन्द्र,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– दिनांक 22.04.2019 को द्वितीय पाली (समय 11:00 बजे से 01:00 तक) में आयोजित होने वाली कोड संख्या ए–002, (कैच संख्या–4707(ए)) बी0ए0 द्वितीय वर्ष की परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में कृपया आपको अवगत कराना है कि उक्त सन्दर्भित परीक्षा से सम्बन्धित गोपनीय मुद्रित सामग्री के जो बॉक्स दिनांक 19.04.2019 को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों / नोडल केन्द्रों को उपलब्ध कराये गये है, उनके सम्बन्ध में कतिपय परीक्षा केन्द्रों द्वारा दूरभाष पर सूचना देते हुए संज्ञान में लाया गया है कि इन बॉक्सों पर जो स्लिप चस्पा की गयी है उस पर बी0ए0 द्वितीय वर्ष के स्थान पर बी0ए0 प्रथम वर्ष मुद्रित किया हुआ है, जबकि प्रश्न पत्र कोड एवं कैच संख्या बी0ए0 द्वितीय वर्ष का ही है।

अतः उक्त के सन्दर्भ में कृपया निवेदन करते हुए आपके संज्ञान में लाना है कि उक्तानुसार आपको प्राप्त करायी गयी कोड संख्या ए–002, (कैच संख्या–4707(ए)) से सम्बन्धित गोपनीय सामग्री बी0ए0 द्वितीय वर्ष की ही है और इसे बी0ए0 द्वितीय वर्ष की ए–002 की परीक्षा हेतु, जिसके लिये दिनांक 22.04.2019 की द्वितीय पाली निर्धारित है, में प्रयोग किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें। यहाँ यह भी विशेष रूप से उल्लेख करना आवश्यक है कि सम्भवतया काटन बॉक्स के खोलने उपरान्त, उसमें उपलब्ध प्रश्न पुस्तिकाओं पर भी त्रुटिवश द्वितीय वर्ष के स्थान पर, बी0ए0 प्रथम वर्ष मुद्रित हो गया हो। अतः कृपया पुनः अनुरोध है कि त्रुटि में अपने स्तर से सुधार कराते हुए, बी0ए0 द्वितीय वर्ष कोड संख्या ए–002 की परीक्षा निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित कराने का कष्ट करें।

असुविधा के लिए खेद है.

भवदीय,

कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक
20.4.19

Scanned by CamScanner